तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बेमौसम बारिश ने अंचल के किसानों की बढ़ाई टेंशन



14 गौ सेवा नहीं, प्रशासनिक पाखंड ! भूख-प्यास से ...



## खबर संक्षेप

### अहिवारा में पटरी से उतरी मालगाड़ी बोगी

**भिलाई।** भिलाई से अहिवारा तक एसीसी एवं जेके लक्ष्मी साइडिंग के लिए बिछाई गई रेल लाइन पर शनिवार को अचानक मालगाड़ी के चार बोगी पटरी से उतर गई। यह मालगाड़ी नंदिनी अहिवारा में स्थित जेके लक्ष्मी सीमेंट प्लांट से सीमेंट लोड कर भिलाई-3 की ओर आ रही थी। इस लाइन का उपयोग केवल एसीसी अडानी और जेके लक्ष्मी प्लांट से सीमेंट और कच्चे माल की परिवहन के लिए होता है। मालगाड़ी का परिचालन धीमी गति से किया जाता है। मालगाड़ी की गति धीमी होने की वजह से बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे का अमला मौके पर पहुंचा एवं हाइड्रोलिक जैक के माध्यम से बैगन के पहिए को पटरी पर फिर से लाया गया। पूरी तरह से जांच के बाद मालगाड़ी को आगे की ओर रवाना किया गया। गौरतलब हो कि रेलवे साइडिंग पर सिंगल लाइन ही है। यात्री ट्रेनों की आवाजाही नहीं होती। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक जामुल साइडिंग से भिलाई की ओर आने वाली एक सीमेंट लोडेड गाड़ी का डिरेलमेंट भिलाई स्टेशन होम सिग्नल के पास घटनास्थल किलोमीटर संख्या 852/2 ए के पास हुआ है।

### मवेशी की हत्या मामले में युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** मवेशी हत्या मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र की है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कैम्प 2 निवासी भारत साहू ने शिकायत किया था कि 23 अक्टूबर को संतोषी पारा में आरोपी नंद कुमार भारती ने लाल रंग की गाय को चाकू से वार कर घायल कर दिया था। जिसका उपचार के दौरान मौत हो गया। घटना तीन दिन पहले की है।जानकारी लगने पर बजरंग दल समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों ने छावनी थाने में जमकर प्रदर्शन किया था।

### ड्रायफ्रूट दुकान में लगी आग, सामान खाक

**भिलाई।** दुर्ग इंदिरा मार्केट में स्थित नवनीत ड्रायफ्रूट दुकान में अचानक शुक्रवार रात आग लग गई। आगजनी में पूरी तरह दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। चंद मिनटों में धुएं का गुबार पूरे बाजार में फैल गया और आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड की टीम की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के मुताबिक दुकान से अचानक धुआं उठता देख लोगों ने तुरंत शटर खोलने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग तेजी से फैल चुकी थी। दुकान के भीतर रखे ड्रायफ्रूट, पैकिंग सामग्री और फर्नीचर जलकर खाक हो गए। आसपास के दुकानदारों ने स्थिति बिगड़ते देख तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। खबर लगते ही कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

# देवउठनी एकादशी 1 को, शहनाइयों की गूंज में होंगे मांगलिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

5 माह से बंद शहनाइयों की गूंज अब 1 नवंबर से गूंजने लगेगी, देवउठनी एकादशी से मंगल कार्य शुरू हो जाएंगे। ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार कार्तिक शुक्ल एकादशी 1 नवंबर को सुबह 9: 11 बजे शुरू होगी, जो 2 नवंबर सुबह 7:31 बजे तक रहेगी। ऐसे में देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को मनाई जाएगी।

इस दिन भगवान विष्णु योग निद्रा से जागते हैं जब भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागेंगे और इसके साथ ही सभी शुभ कार्यों का सिलसिला शुरू होगा। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि नवंबर और दिसंबर की शुरुआत में कई विवाह मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे, लेकिन 16 दिसंबर से खरमास के कारण शुभ कार्य स्थगित रहेंगे। तुलसी पौधे का विवाह भगवान शालीग्राम भगवान विष्णु उनके अवतार कृष्ण का रूप माने जाते हैं, प्रतिवर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है इसे मानसून की समाप्ति और विवाह के लिए शुभ समय की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन तुलसी-शालीग्राम का विवाह कराने से घर मे मंगलिक कार्य होने लगते है और कन्यादान के समान ही फल प्राप्त होता है। भगवान विष्णु के चार महीने के शयन काल देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक जगने के बाद मंगलिक कार्य रुके हुये थे जो माता तुलसी का विवाह करके प्राम्भ किये जाते है। तुलसी माता लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है, और यह विवाह वैवाहिक जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लाता है।

## नवंबर माह में अधिक मुहुर्त, 16 दिसंबर से लग जाएगा खरमास

### शुभ मुहुर्त पर होगी पूजा

हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवउठनी एकादशी का व्रत रखा जाता है। देवउठनी एकादशी की तिथि इस बार 1 नवंबर को सुबह 9 बजकर 11 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 2 अक्टूबर को सुबह 7 बजकर 31 मिनट पर होगा। इसलिए उदयातिथि के अनुसार देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को ही मनाई जाएगी। इस व्रत का पारण 2 नवंबर को दोपहर 1 बजकर 11 मिनट से शुरू होकर 3 बजकर 23 मिनट तक होगा।

### 2 नंबबर को पूजा करना शुभ नहीं

पंडित ने बताया कि 2 नंबबर को भी मुहुर्त है, मगर इस दिन रविवार होने की वजह से तुलसी को छूना वर्जित होता है, इस वजह से 1 नंबबर शनिवार को पूजा करना अधिक लाभकारी रहेगा। 1 तारीख को दिनभर अच्छा समय है।



### शुभ विवाह मुहूर्त

इस बार नवंबर में 15 दिन विवाह के मुहूर्त रहेंगे, नवंबर माह में 2 नवंबर, 3, 5, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25, 30 नवंबर को विवाह के मुहूर्त है। दिसंबर में 4, 5, 6 दिसंबर को विवाह के मुहूर्त हैं इसके बाद विवाह नहीं होंगे, मलमास लगने से 14 जनवरी तक विवाह आदि बंद हो जाएंगे। इसके बाद 14 जनवरी के बाद से विवाह शुरू होंगे। कुल मिलाकर जनवरी में चार दिन मुहूर्त हैं, 16 जनवरी, 23. 25 व 28 जनवरी को विवाह मुहूर्त रहेंगे।

## दुर्ग संभाग की टीम में शामिल बेमेतरा के खिलाड़ियों ने दिखाया उत्कृष्ट खेल

# बेमेतरा के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय बेसबाल प्रतियोगिता में जीता रजत और कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग में सभी श्रेणियों में पदक जीतकर किया दमदार प्रदर्शन

स्कूल शिक्षा विभाग आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बिलासपुर मे 15 से 18 अक्टुबर तक आयोजित बेसबाल खेल मे दुर्ग संभाग की टीम मे शामिल बेमेतरा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 19 वर्ष आयु वर्ग बालक एवं बालिका दोनो वर्गो मे रजत पदक जीत कर शानदार प्रदर्शन किया है । 17 एवं 14 वर्ष बालक आयु वर्ग मे भी दुर्ग की टीम ने बिलासपुर मे दोनो वर्गों मे रजत पदक जीता। वहीं 14,17 वर्ष बालिका वर्ग ने कांस्य पदक जीतकर सभी वर्गों मे पद्कीय प्रदर्शन किया है।

बिलासपुर के छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान एवं पुलिस ग्राउंड मैदान मे आयोजित इस प्रतियोगिता मे राज्य के पाँच संभाग की टीमों के मध्य हुए बेसबाल के मैचों मे दुर्ग संभाग की टीम मे शामिल बेमेतरा जिले के कुल 50 बालक बालिकाओं ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया और पूरे टूर्नामेंट मे रायपुर,बस्तर तथा सरगुजा की टीम को हराकर सभी खिलाड़ियों ने रजत पदक एवं कांस्य जीता ।



### इन्होंने दी शुभकामनाएं

सभी खिलाड़ियों को पदक जीतने एवं संस्था का नाम रौशन करने पर प्रसन्नता ब्यक्त कर जेवरा स्कूल प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन, महेन्द्र पाटिल सरपंच एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, समिति सदस्य उदय भास्कर सिंग, प्रबल सिंग ठाकुर, ब्याख्याता नीता साहू,पुष्कर भोंसले, संतोषसाहू,रश्मिअग्रवाल,दीपशिखा माने,शाहिना सिन्हा,योगेश्वर देवांगन, पदमजा सिंग, मंजूषा सिंग, रौशनी गुप्ता, घनश्याम डनसेना, चिकेंद्र साहू,कविता शर्मा सहायक कोच प्रिन्स सिंग,कमल यादव आदि ने शुभकामनायें दी है।

### इन्होंने किया उत्कृष्टशन

इनमे जेवरा विद्यालय से 19 वर्ष बालक वर्ग मे सागर यदु, सोनू यादव,उमेन्द्र दास,नीरज,जेवरी स्कूल से चोवाराम,देवा वर्मा,कठिया स्कूल से तन्मय साहू,पीला राम, मल्दा स्कूल से मिथिलेश बालिका वर्ग मे चांदनी यदु,आसमीन सिन्हा,देविका यदु,हीना लहरे, अंजू निशाद,सुमन निशाद,दिव्या डहरिया 17 वर्ष आयु वर्ग मे जेवरा विद्यालय के राम यादव, झम्मन, खूबचंद, शुभम जोगी,चेतन,राजू, जयराम कृष्ण, तोरण, कठिया स्कूल से योगेश 17 वर्ष बालिका वर्ग मे गीतेश्वरी,खिलेश्वरी, चैताली, धनेश्वरी,ज्योति साहू,दीक्षा कोठारी, कठिया स्कूल से दीपशिखा 14 वर्ष आयु वर्ग मे जेवरा विद्यालय के दीपक, कार्तिक, नैतिक, गुलशन, हेमंत, जेवरी स्कूल से आंनद,कमलेश बालिका वर्ग मे दिव्या सिंह, सुमन, खुशी, कुसुम, जानवी,प्रिया लहरे,माधरी,गरिमा यदु ने पुरे प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दुर्ग संभाग की टीम को पदक जीतने मे बढिया खेल प्रदर्शन किया । दुर्ग संभाग के टीम के कोच ब्यायाम शिक्षक जेवरा मृत्युंजय शर्मा थे ।


# बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर से बदला मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बंगाल की खाड़ी में बने एक नए लो प्रेशर की वजह से अंचल में भी मौसम बदलने वाला है। विभाग के अनुसार आज सोमवार से प्रदेश के अधिकांश इलाकों में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। बारिश के आसार बनने से ठंड में कमी देखने को मिली है। वहीं बेमौसम बारिश होने से धान की फसल प्रभावित होने की भी चिंता बढ़ गई है। मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर लो प्रेशर एरिया बन गया है, जो 27 अक्टूबर की सुबह तक चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है। इस सिस्टम के असर से आज 27 अक्टूबर से पूरे राज्य में की गतिविधियां बढ़ती हुई नजर आ सकती है।

- अगले तीन दिन ऐसे ही मौसम के आसार, बारिश से फसल को नुकसान की चिंता में किसान

**धान फसल को बचाने में जुटेंगे किसानः** ज्ञात हो कि आगामी 15 नवंबर से धान खरीदी की शुरूआत होनी है। इससे पहले दिवाली पर्व के बाद से ही अंचल में धान कटाई की शुरूआत हो गई है। ऐसे में अब आगामी दिनों में बेमौसम बारिश का असर खेतों की खड़ी फसलों पर पड़ सकता है। वहीं जिन किसानों ने धान की कटाई कर ली है, परन्तु फसल अभी खेतों में ही रखी हुई है, वहां धान खराब होने का खतरा बढ़ गया है।



### तापमान आया नीचे

ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से अंचल का अधिकतम तापमान 33 डिग्री के आसपास ही बना हुआ था, परन्तु मौसम में आए बदलाव के बाद शनिवार ,रविवार को छाई रही बदली के चलते दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली है। जिले का अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम पारा 20 डिग्री सेल्सियस पर रहा। आगामी 2-3 दिन में तापमान चढ़ने के आसार कम दिखाई दे रहे हैं।

# पालिका अध्यक्ष ने वार्ड 16 में सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रविवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मन की बात का 127वां एपिसोड का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम शहर के वार्ड क्रमांक 16 स्थित अनमोल होटल में आयोजित किया गया. जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा की विशेष उपस्थिति रही।

यहां भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनमानस के साथ उन्होंने पीएम मोदी के विचारों को सुना तथा उनके आदर्श विचारों को आत्मसात करते हुए कार्यकर्ताओं से जन कल्याण की भावना के साथ समाज के उत्थान और राष्ट्र निर्माण के कार्य करने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, पार्षद विकास तंबोली, नीतू कोठारी, निखिल साहू एवं भाजपा कार्यकर्ता देवराम साहू, संदीप यादव, धर्मेंद्र साहू, सावित्री रजक आदि उपस्तिथ थे।

### यह कार्यक्रम पूरे देश को जोड़ रहाः नपाध्यक्ष

कार्यक्रम के दौरान पालिका अध्यक्ष सिन्हा ने प्रधानमंत्री के विचारों की सराहना करते हुए कहा कि पीएम मोदी के मन की बात देशवासियों को एक सूत्र में पिरोने वाला ▶▶| शेष पेज 13 पर

# दूसरी बार प्राकृतिक भूस्खलन, खेत में गड्ढे से किसान भयभीत, तहसीलदार ने एरिया किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

- खेत में अचानक 10 फीट चौड़ा और 25 फीट गहरा गड्ढा, ग्रामीणों में हड़कंप

तहसील बेरला क्षेत्रान्तर्गत आने ग्राम कुरूद में बाईट शनिवार को दूसरी बार प्राकृतिक भूस्खलन जमींदोज का मामला सामने आया है। आपको बता दें कि ग्राम पंचायत कुरूद के डोंगराही खार में जीवराखन साहू के खेत में हुए प्राकृतिक भूस्खलन से क्षेत्र में हड़कंप मच गई। खेत में धान की फसल लहलाते हुए दिखाई दे रहे है। जिसमें अचानक लगभग 10 फिट व्यास चौंडाई और 25 फिट गहरा कुंए की भांति हो गए है। यह घटना होने पर ग्रामीण बड़ी संख्या में देखने को उपस्थित हुए। भूस्खलन की घटना ये दूसरी बार है बीते कुछ महीने पहले और हुआ था। पहले भूस्खलन की घटना डोंगराही खार से लगभग 6-7 सौ मीटर दूरी पर हुआ था। लगातार भूस्खलन की मामला सामने आने पर ग्रामीण दहशत में आ गए है। आखिर इस प्रकार की दूसरी घटना कोई आम बात नहीं है। वही खेत मालिक जीवराखन साहू ने बताया कि जब मैं खेत पहुंचा और खेत में पानी छोड़ने के लिए मिट्टी हटाया और पानी खेत में फैलने लगी तभी अचानक गिट्टी खाली करने के जैसे भडांग से आवाज आयी और पानी की उछाल जोर से ऊपर की ओर हुआ। जिसे देखकर मैं भयभीत हो गया कि यह क्या हो गया।



जब नजदीक जाकर देखा तो खेत के बीचो-बीच बड़े गड्ढे हो गए। इस घटना की जानकारी ग्राम पंचायत कुरुद सरपंच प्रतिनिधि हेमनाथ साहू, कोटवार और ग्रामीणों को दी गई। जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे साथ ही मौका मुआयना करने सरपंच और कोटवार पहुंचते ही इस भूस्खलन की जानकारी बेरला तहसीलदार को दिया गया। साथ ही गहराई के आसपास को सील कर दिया गया ताकि कोई इस गड्ढे के पास आये नहीं और कोई अप्रिय घटना न हो। वही इस घटना से किसान को काफी प्रभाव पड़ा।

## पात्र परिवारों के लिए निःशुल्क गैस कनेक्शन योजना की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत वितरित होंगे 11,992 नए एलपीजी कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- नामांकन प्रक्रिया शीघ्र शुरू, ग्राम स्तर पर होंगे जागरूकता शिविर

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के अंतर्गत भारत सरकार एवं पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा पात्र परिवारों को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन प्रदाय किए जाने के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला उज्ज्वला समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर पी.पी. मानकर्ट (अध्यक्ष, जिला उज्ज्वला समिति) ने की। बैठक में अशोक सक्सेना, असिस्टेंट मैनेजर एलपीजी एचपीसीएल नवीन देबनाथ, मैनेजर एलपीजी सेल्स आईओंसीएल तथा अंकुर सिंह ठाकुर, स्वच्छ ऊर्जा अधिकारी, सहित गैस एजेंसियों के संचालक उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत वर्ष 2025-26 में देशभर में 25 लाख नए कनेक्शन जारी किए जाएंगे, जिनमें से जिला बेमेतरा को 11,992 नए कनेक्शन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना का उद्देश्य महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान में वृद्धि करना है। उन्होंने बताया कि यह योजना महिलाओं के नाम से ही जारी की जाएगी, और आवेदन के समय केवाईसी प्रक्रिया के साथ आवेदिका का बैंक खाता, आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं घोषणा पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।



**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के पात्रता मानदंडः** परिवार की वार्षिक आय 10,000 से अधिक नहीं होनी चाहिए। परिवार गरीबी रेखा से नीचे बीपीएल श्रेणी का होना चाहिए। परिवार के किसी सदस्य के नाम पर पहले से गैस कनेक्शन न हो। परिवार में कोई सरकारी कर्मचारी न हो। स्वयं का चार पहिया वाहन न हो। घर में 30 वर्गमीटर से अधिक का पक्का आवास न हो। आवेदन केवल पात्र महिला सदस्य के नाम से किया जाएगा।

### शीघ्र प्रारंभ की जाएगी नामांकन प्रक्रिया

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले की सभी गैस एजेंसियों के माध्यम से पात्र परिवारों के नामांकन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। पात्र हितग्राहियों के चयन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। अपर कलेक्टर श्रीमती मानकर्ट ने निर्देश दिए कि योजना के प्रचार-प्रसार के लिए पंचायतों एवं शहरी वार्डों में विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाए, ताकि पात्र हितग्राही योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, स्वच्छ ऊर्जा अधिकारी एवं एलपीजी वितरक उपस्थित रहे।

# स्वच्छता अभियान के नाम पर खानापूर्ति कचरे का ढेर बना परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

- स्कूल के पास डंप किया गया कचरा, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों में बढ़ा आक्रोश

नगर पंचायत भिंभौरी के स्वच्छता अभियान व सफाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही। नवगठित नगर पंचायत भिंभौरी कार्यालय के समीप स्कूल के पीछे दीवाल में चिपका कर कचरे की ढेर डंप कर दिया है। जिससे विद्यार्थी, शिक्षक सहित नगर वासियों को बदबू से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर की बस्ती के बीच शहर से एकत्रित होने वाले कचरे को डंप किया जा रहा है।

स्थानीय नगर वासियों के साथ विभिन्न समीजीक संगठनों द्वारा इसका विरोध किया जा चुका है, लेकिन नगर के आला अधिकारी द्वारा न तो इस कचरा डंपिंग प्वाइंट को व्यवस्थित किया जा रहा है और न ही कचरा डंप करना बंद किया जा रहा। इसके बाद भी आज तक कचरे की वही के वही पड़े हुए है। इस समस्या को देखते हुए भी नगर व अमला में सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। अधिकांश स्थानों पर कचरा फैला रहता है।



**बदबू के कारण गंभीर बीमारी का खतरा बढ़ाः** नगर पंचायत गठन को तीन साल हो गए। लेकिन कचरे की सफाई स्कूल के सामने ही डंप कर रख दिया जाना आम नागरिकों के लिए भारी बनता जा रहा है। वही जानवर के साथ आंधी तूफान के कारण डंप कचरा और फैलता जा रहा है। वही नगर के समीप कुछ दूरी पर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिंभौरी के विद्यार्थी नहर के किनारे होकर स्कूल आना जाना करते है। उसी रास्ते में ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### श्रीसुरभि रूद्रमहायज्ञ को लेकर बैठक 6 को

**कवर्धा।** ग्राम घुघरी खुर्द में गौसंरक्षणार्थ आयोजित श्रीसुरभि रूद्रमहायज्ञ के विशाल आयोजन की रुपरेखा तैयार करने के संबंध में आगामी 06 नवम्बर 2025 को दोपहर 1.00 बजे गणेश तिवारी के निज निवास श्रीमाता निलयम श्री गणेशपुरम बिलासपुर रोड कवर्धा में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में लोगों को आमंत्रित कर आयोजन संबंधी सुझाव, मार्गदर्शन, निर्देशन, परामर्श व नेतृत्व को लेकर चर्चा की जाएगी।

### युवा कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला प्रभारी सोनू जसमीत शर्मा एवं जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रभान कोसले तथा ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैया रजक की अनुशंसा पर कुई ब्लॉक युवा कांग्रेस की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। घोषित सूची के अनुसार उपाध्यक्ष पद पर अंजोर सिंह धुर्वे मुनमुना, संतराम यादव बदना, नंदराम पन्द्राम पोलमी और तिरथ राम बैगा कांदावानी को नियुक्त किया गया है। महा सचिव पद के लिए गुलाब धुर्वे बदना, तितरू बैंगा भैसाडबरा, पंचराम यादव टकटोईया, ज्ञानसिंह पन्द्राम मलकछरा, परमेश्वर पडवार नेउर और मुखीराम पन्द्राम कुई को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सचिव पद पर बलवीर परस्ते नेउर, सुनीत परस्ते छिन्दीडीह, सोनू कुमार बार्वे लखनुपर, शिवकुमार पनरिया भेलकी, झुलाराम कोठारी बकेला और भागवानी धुर्वे खाम्ही को नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा और एकजुटता से कार्य करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैया रजक ने कहा कि युवा कांग्रेस गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करने और युवाओं की समस्याओं को आवाज देने का कार्य जारी रखेगी।

### 5 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रदेश में होगी

**कवर्धा।** राज्य सरकार ने 5000 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया को वित्तीय स्वीकृति प्रदान किया है। यह निर्णय प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा व मजबूती प्रदान करेगा। शिक्षकों की कमी लंबे समय से शिक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रही थी, ऐसे में यह भर्ती न केवल स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के हजारों नए अवसर भी उपलब्ध कराएगी।

**मौसम:** कवर्धा सहित अंचल के मौसम में उथल-पुथल

# बेमौसम बारिश ने अंचल के किसानों की बढ़ाई टेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

इन दिनो खेतों में धान की फसल पककर तैयार हो चुकी है। कुछ किसानो ने तो अपनी धान की कटाई भी शुरू कर दी है। लेकिन एक फसल कटाई के दिनो में बीते दो दिनो से कवर्धा सहित अंचल के मौसम में मची उथल पुथल और बेमौसम बारिश ने किसानो का टेंशन बढ़ा दिया है।

किसानो की माने तो अगर मौसम का यही हाल रहा और बेमौसम बारिश का दौर जारी रहा तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि दीपावली का त्यौहार निपटने के बाद बीते दो दिनो से कवर्धा सहित अंचल का मौसम अचानक बदल गया है। बात अगर कवर्धा क्षेत्र की कि जाए तो यहां रविवार की सुबह से रूक रूककर हल्की तेज बारिश हो रही है।

हालांकि दोपहर में मौसम कुछ साफ हुआ था लेकिन शाम ढलते-ढलते फिर से अचानक आसमान में काली बदली छा गई और तेज हवा के साथ बेमौसम बारिश शुरू हो गई। अंचल से निकलकर आई खबरों के मुताबिक कवर्धा के अलावा जिले के अन्य ईलाकों से भी बेमौसम बारिश होने की खबरें सामने आ रही है। जिससे किसानो का टेंशन बढ़ गया है और वे मौसम के साफ होने का इंतजार कर रहे हैं।

**जिले में किसानो ने शुरू की धान कटाई**



गौरतलब है कि इस समय किसानों के खेतों में धान की फसल खड़ी है जो पककर तैयार भी हो चुकी है। शासन के निर्देश के अनुसार समर्थन मूल्य में धान की खरीदी 15 नवम्बर से शुरू की जाएगी। यही वजह है कि कई किसानो ने दीपावली त्यौहार निपटाने के बाद फसल कटाई शुरू कर दी है। लेकिन किसानो की माने तो इस बेमौसम बारिश ने उन्हें चिंता में डाल दिया है। किसानो का कहना है अगर आगे भी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहता है और बेमौसम बारिश होती है तो उन्हें अच्छाखासा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# सतनामी समाज ने अपराध पंजीबद्ध किए जाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

रायपुर के आदेश सोनी द्वारा सतनामी समाज के विरूद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सतनामी समाज में भारी आक्रोश व नाराजगी देखने को मिल रही है। जिसे लेकर सतनामी समाज कवर्धा के लोगों ने आदेश सोनी के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदेश के गृह मंत्री के नाम पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में सतनामी समाज के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर के आदेश सोनी ने एक साक्षात्कार के दौरान सतनामी समाज को गाय काटने वाला समाज कहा है। इस पर कवर्धा में सतनामी समाज ने कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए आदेश सोनी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किए जाने की मांग की है। बताया जाता है कि गत 25 अक्टूबर की रात एक न्यूज चैनल की लाइव डिबेट में आदेश सोनी ने सतनामी समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की जिसके चलते समाज ने इसे अपनी आस्था और इतिहास का अपमान बताया है। सतनामी समाज ने पुलिस प्रशासन तथा शासन से आदेश सोनी के विरूद्ध एससी एसटी एक्ट के तहत और धार्मिक भावनाएं आहत करने की धाराओं में कार्रवाई की मांग को लेकर कवर्धा पुलिस अधीक्षक कार्यालय एस,पी, आईजी एवं गृहमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। साथ ही जिला सतनामी समाज ने चेतावनी दी है कि अगर कार्यवाही नहीं की गई तो समाज उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से मिली बड़ी सौगात

## 15 ग्रामों में बनेंगे मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ

- 618 .76 लाख रुपये की लागत से 7 .40 कि .मी . सी .सी . सड़क निर्माण की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं



ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत ग्रामीण सड़कों को सुदृढ़ बनाने दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय शर्मा के निरंतर प्रयासों से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 15 ग्रामों में कुल 7.40 किलोमीटर लंबाई की सीमेंट कांक्रीट सड़क सह नाली निर्माण कार्य के लिए 618.76 लाख रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति से क्षेत्र के ग्रामवासियों को कच्ची, धूल-मिट्टी और कीचड़ युक्त सड़कों की समस्या से मुक्ति मिलेगी तथा स्वच्छ और सुगम ग्रामीण परिवेश का निर्माण होगा। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 15 ग्रामों बैहरसरी, बम्हनी, मजगांव (ग्राम पंचायत चंदैनी), कोठार, गुलालपुर, सैगोना, सारंगपुरखुर्द, नेवारी, बंदौरा, मोहगांव, खाम्ही, रौचन, अमरौड़ी, सरेखा एवं पालीगुढ़ा में कुल 7.40 किलोमीटर लंबाई की सीमेंट कांक्रीट सड़क सह नाली निर्माण कार्य हेतु रू. 618.76 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना का भूमिपूजन उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा अतिशीघ्र किया जाएगा, जिसके उपरांत निर्माण कार्य प्रारंभ कर पूर्ण किया जाएगा। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामों की गलियों में धूल, मिट्टी और कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी तथा ग्रामीण परिवेश और अधिक स्वच्छ एवं सुंदर बनेगा। ग्राम गौरव पथ योजना की इस स्वीकृति से संबंधित ग्रामों में हर्ष का वातावरण है। ग्रामवासियों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से गांवों में विकास की नई दिशा मिल रही है। इस योजना के माध्यम से ग्राम स्तर पर न केवल बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण होगा, बल्कि स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर गाँवों के निर्माण की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# देर रात तक डीजे बजाने वाले संचालक का डीजे जब्त, कवर्धा पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




जिले में ध्वनि प्रदूषण और आमजन की असुविधा को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी डीजे संचालकों और संबंधित समितियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश और कड़ाई से चेतावनी दी गई थी कि रात 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार का तेज डीजे नहीं बजाया जाएगा तथा माननीय न्यायालय के आदेशों का पालन अनिवार्य है। इसके बाद भी नियमों का उल्लंघन करने पर थाना कवर्धा पुलिस ने 18 अक्टूबर और 24 अक्टूबर को अलग-अलग मामलों में 2 डीजे धुमाल संचालकों के डीजे साउंड सिस्टम और वाहनों को जप्त कर न्यायालय में पेश किया, जहां एक मामले में डीजे सिस्टम को राजसात करने और वाहन स्वामी पर जुर्माना लगाने के आदेश दिए गए, तथा दूसरे में सुनवाई जारी है। 25 अक्टूबर 2025 को जिले में आयोजित माता लक्ष्मी की प्रतिमा के विर्सजन के दौरान सभी समितियों और आयोजकों के माध्यम से स्पष्ट अपील की गई थी कि रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजाए जाएं। इसके बावजूद, गुप्तापारा, कवर्धा में भोले भंडारी डीजे संचालक अनिकेत धुर्वे ने रात 11.30 बजे तक तेज ध्वनि में डीजे धूमाल बजाकर आमजन की शांति भंग की। तेज ध्वनि के कारण आसपास के निवासियों को नींद बाधित होना, मानसिक तनाव और दैनिक कार्यों में कठिनाई का सामना करना पड़ा। जिसकी शिकायत कबीरधाम पुलिस को मिली। सूचना मिलने पर थाना कवर्धा की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते धुमाल को साउंड सिस्टम और वाहन को जप्त किया। डीजे धुमाल को राजसात करने और अर्थदंड के लिए इष्टगशा माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# मोदी की गारंटी पूरी कराने 29 अक्टूबर को प्रदर्शन

- मांगों को लेकर कर्मचारियों व पेंशनर्स ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश के अधिकारी, कर्मचारी एवं पेंशनर्स, केंद्र की तिथि से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत नहीं मिलने से नाराज हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई के बावजूद राज्य सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए हैं। कर्मचारी संगठनों ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने से पहले भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी के नाम पर केंद्र की तिथि से महंगाई भत्ता, एरियर राशि, चार स्तरीय वेतनमान और सातवें वेतनमान के अनुरूप भत्तों का पुनरीक्षण करने का वादा किया था, लेकिन अब तक किसी घोषणा पर अमल नहीं हुआ है। संघ का कहना है कि देश के अन्य भाजपा शासित राज्यों ने जुलाई 2025 से अपने कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ते का लाभ देना शुरू कर दिया है, जबकि छत्तीसगढ़ के कर्मचारी अब भी पीछे हैं। साथ ही संविदा और अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का वादा भी अधूरा है।

इन मांगों को लेकर संघ एवं संबद्ध संगठन 29 अक्टूबर 2025, बुधवार को दोपहर 1.30 बजे भोजनावकाश के दौरान प्रदेश के सभी जिलों एवं ब्लॉकों में प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपा जाएगा। कबीरधाम जिले के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने बताया कि यदि सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन की बेमुद्दत हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन द्वारा अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर 25 अक्टूबर से प्रारंभ की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन समाप्त कर दी। छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन द्वारा हड़ताल समाप्त किए जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के मुताबिक 26 अक्टूबर को हड़ताल समाप्त होने के साथ ही कवर्धा से रायपुर, बिलासपुर, राजनांददांव, दुर्ग, जबलपुर, कोरबा, लखनऊ, नागपुर सहित अन्य रूटों की बसों का संचालन निर्धारित समय पर किया गया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन ने शासन के समक्ष मुख्य रूप से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराब बंदी, छत्तीसगढ़ राज्य में ड्राईवर वेलफेयर बोर्ड का गठन किए जाने, वाहन चालकों के लिए सुरक्षा कानून हेतु चालक आयोग का गठन किए जाने, ड्राइवर की दुर्घटना में मृत्यु होने पर परिवार को 20 लाख रूपए का मुआवजा प्रदान किए जाने, ड्राइवर के दुर्घटना में विकलांग होने पर परिवार को 10 लाख का मुआवजा प्रवान किए जाने, 1 सितम्बर को ड्राईवर दिवस घोषित किए जाने, छत्तीसगढ़ राज्य में ड्राइवरों के बच्चों को निजी स्कूलों में शिक्षा का आरक्षण प्रदान किए जाने, छत्तीसगढ़ राज्य के ड्राईवरों के परिवार के लिए हेल्थ कार्ड जारी किए जाने, छत्तीसगढ़ राज्य के ड्राईवरों की 55 वर्ष उम्र पश्चात सरकार की तरफ से पेशन राशि दिए जाने तथा बीएनएस की धारा 105 (दस) 10 साल की सजा और 8 हजार रूपए जुर्माना के कानून को हटाए जाने की मांग रखी थी।

## नगर में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है काली उत्सव



**पाण्डातराई।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पांडातराई में श्री गणेश पंचायतन हवनात्मक अनुष्ठान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। गुप्ता धर्मशाला में गत 24 अक्टूबर से प्रारंभ इस कार्यक्रम के माध्यम से भक्तजन धार्मिक कार्यों में भाग लेकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। वहीं यहां स्थापित मां काली की भव्य एवं मनमोहक प्रतिमा के दर्शनो को लोगों का तांता लग रहा है। यह आयोजन विशेष रूप से समस्त पितृ मुक्ति के लिए किया जा रहा है। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष के पूजा कार्यों में संगीतमयी भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं श्री महाकाली पूजा एवं रुद्राभिषेक अर्चन यज्ञ शामिल हैं। यह सभी अनुष्ठान मां शिवांगनी डाक बम समिति और नगरवासियों के सहयोग से सम्पन्न हो रहे हैं। इन कार्यक्रमों में आस्था और श्रद्धा का अद्वितीय मिलन होता है, जो भक्तों को एकत्रित करता है। महाकाली भागवत यज्ञ के दौरान दर्शन हेतु हर दिन बड़ी संख्या में भक्तजन यहां एकत्र होते हैं। दूर-दूर से लोग विशेष समारोह के त्यौहार का आनंद लेने और पूजा-पाठ में भाग लेने के लिए आते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती मिलती है, बल्कि यह समुदाय की एकता और सद्भाव को भी प्रोत्साहित करता है। अपने-अपने घरों से दूर आकर भक्तजनों का एकत्रित होना, उन सब के लिए एक अनूठा अनुभव होता है।

**संत दंडी सन्यासी स्वामि विशुद्धानन्द सरस्वती की अगुवाई में क्षेत्र के 50 यात्री रवाना**

# मां नर्मदा परिक्रमा एवं द्वारकाधीश की यात्रा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

सहसपुर लोहारा के राजपुरोहित दुबे परिवार के पण्डित राजेंद्र प्रसाद दुबे के आयोजकत्व एवं बनारस कांशी जी से पधारे कवर्धा क्षेत्र में लोकप्रिय संत दंडी सन्यासी स्वामी विशुद्धानन्द सरस्वती की अगुवाई में सहसपुर लोहारा से मां नर्मदा परिक्रमा एवं द्वारकाधीश जी की मंगल यात्रा का शुभारंभ शुक्रवार की रात को सहसपुर लोहारा से किया गया। इस धार्मिक यात्रा में सहसपुर लोहारा, कवर्धा, बेमेतरा, पंडरिया, लोरमी सहित 50 तीर्थयात्री शामिल हैं। नर्मदा परिक्रमा एवं गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर तथा द्वारका के द्वारकाधीश जी की यात्रा का विधिवत शुभारंभ मां नर्मदा जी के पवित्र उद्गम स्थल




अमरकंटक में नर्मदा स्नान पश्चात दण्डी सन्यासी स्वामिः विशुद्धानन्द की उपस्थिति में एक दिवसीय अमरकंटक दर्शन एवं मां नर्मदा जी के पूजन पश्चात यात्रा के संकल्प के साथ 26 अक्टूबर रविवार को प्रारम्भ हुआ। यात्रा का दूसरा पड़ाव महराजपुर मण्डला होगा। नर्मदा जी की परिक्रमा का यह नियम होता है कि यह यात्रा मां नर्मदा जी के एक किनारे से नर्मदा जी के किनारे-किनारे चलती है। यह परिक्रमा यात्रा लगभग 20 दिन की होगी जो अमरकंटक से प्रारम्भ होकर मंडला, भेंडाघाट, उज्जैन के महाकाल होते हुए गुजरात सोमनाथ, द्वारकाधीश से वापस होते हुए यह यात्रा जत्था पुनः 15 नवंबर को अमरकंटक पहुंचेगी, जहां मां नर्मदा जी के पूजन पश्चात परिक्रमा यात्रा पूर्ण होगी।

# जगराता कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों में मारपीट पुलिस ने दोनो पक्षों के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

थाना पंडरिया क्षेत्र के ग्राम सांवतपुर में आयोजित जगराता कार्यक्रम के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी है। पहले मामले में भानुप्रताप साहू आयु 27 वर्ष निवासी सांवतपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत 23 अक्टूबर की रात करीब 11.30 बजे वह लक्ष्मी पंडाल के पास आयोजित जगराता देखने गया था इसी दौरान सुंदर साहू, मनबोध साहू, अंजोरी साहू और संजू साहू कार से पहुंचे और पुरानी रंजिश के चलते भानुप्रताप को गाली-गलौज कर हाथ, मुक्का और लात-घूसे से मारपीट की। बीच-बचाव करने पर सुरेश साहू और लालजी साहू ने उसे बचाया। पुलिस ने इस पर अपराध क्रमांक 270/2025 धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के मनबोध साहू आयु 38 वर्ष निवासी सांवतपुर ने भी अपराध क्रमांक 268/2025 में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसके अनुसार, 24 अक्टूबर की रात 12.30 बजे उसके घर के सामने फलित साहू, रामेश्वर साहू और मनोज साहू ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से हमला किया। बीच-बचाव करने पर उसकी पत्नी और भाभी को भी चोटें आईं। आरोप है कि हमलावरों ने घर के अंदर घुसकर मारपीट की और घर पर पथराव किया, जिससे कई लोगों को चोट पहुंची। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एक समान धाराओं पर थाना पंडरिया पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से पूछताछ कर घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। स्थिति नियंत्रण में है, गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार ने आवारा कुत्ते को कुचला

**भिलाई।** तेज रफ्तार कार ने कुत्ते को कुचलकर फरार हो गया। घटना कोहका का है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह सड़ पर कुत्ता बैठा हुआ था। तेज रफ्तार कार चालक ने उसे कुचल दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में साफ दिखता है कि कुत्ता बैठा था, तभी एक कार आई और उसके ऊपर से गुजर गई। जुनवानी रोड और डीमार्ट बायपास को जोड़ने वाली सड़क पर स्ट्रीट डॉग डिवाइडर के किनारे शांति से बैठा था। कार चालक लापरवाही से यू-टर्न लेते हुए उस कुत्ते पर चढ़ गया। कुत्ता कार के अगले पहिए में फंस गया, लेकिन चालक ने कार नहीं रोकी। कुत्ते को करीब 500 मीटर तक घसीटा और फिर कार रोककर उसे बाहर निकाला। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

### पटाखा फोड़ने से मना किया तो महिला को जलाया

**भिलाई।** छावनी थाना अंतर्गत न्यू संतोषी पारा कैम्प-2 में पटाखा फोड़ने को लेकर उपजे विवाद में प्रियंका नामक महिला पर ही पटाखा फेंककर जला दिया। महिला के पति जितेंद्र चौधरी की शिकायत पर पुलिस ने गोवर्धन यादव और सूरज यादव के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि घटना 22 अक्टूबर को शाम करीब साढ़े 7 बजे की है। जितेंद्र पेशे से क्रेन ऑपरेटर है।

### बघेरा के सूने मकान में चोरी, 60 हजार ले भागे चोर

**भिलाई।** कोतवाली थाना अंतर्गत बघेरा स्थित सूने मकान में चोरी हो गई। अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसा। अंदर आलमारी में रखे 60 हजार रुपए नगद पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शिशुपाल सिंह लोक निर्माण विभाग बीजापुर में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ हैं। 21 अक्टूबर की सुबह करीब 11 बजे वे परिवार के साथ दिवाली मनाने मालाढबरी घुमका चले गए। 23 अक्टूबर को लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। अंदर सामान बिखरे हैं, आलमारी से कैश गायब है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है।

### जरुतमंदों के बीच बांटी दीपावली की खुशियां

**भिलाई।** जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग के युवाओं द्वारा दीपावली की खुशियां बिखेरने उन्हें मिठाई, पटाखे और दीये सहित अन्य जरुरत के सामन वितरित किये गए। संस्था द्वरा दुर्ग की निचली बस्तियों में जाकर पिछले एक सप्ताह से विभिन्न आश्रम में जाकर वृद्ध जनों और बच्चों को दीपावली के मौके पर नए कपड़े, पटाखे, मिठाई नमकीन बिस्किट चॉकलेट एवं अन्य सामग्री बांटी गई। इस दौरान 650 से ज्यादा बच्चों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी। संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि पिछले आठ साल से गरीब बच्चों साथ खुशियों की दीपावली मनाने वाली संस्था के सदस्यों ने इस बार साढ़े छ सौ से ज्यादा बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी है। सदस्यों ने न सिर्फ पूरा दिन उनके साथ बिताया, बल्कि बच्चों को उनकी जरूरतों की चीजें देने के साथ ही उनकी पसंद का नाश्ता भी कराया।

# ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने 30 दिन का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

ग्राम पंचायत पऊवारा में 35 महिलाओं के लिए 30 दिवसीय रूरल मेसन राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत करगाडीह में भी 35 महिलाओं का काउंसलिंग पूर्ण कर प्रशिक्षण प्रारंभ कराया गया है।

ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी दुर्ग द्वारा जनपद पंचायत के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक रोहित जायसवाल द्वारा प्रतिभागियों को ईंट, पत्थर, चिनाई, प्लास्टरिंग, फर्श व टाइल बिछाना, वॉटर प्रूफिंग, छत ढलाई, कंक्रीट मिश्रण तैयार करना तथा निर्माण कार्य से संबंधित सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। इस कार्यक्रम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को कुशल राजमिस्त्रियों की महत्वपूर्ण भागीदारी प्राप्त होगी।

## महिलाओं को दिया जा रहा है रूरल मेसन राजमिस्त्री का प्रशिक्षण

### कुशल श्रमिकों की बढ़ेगी उपलब्धता

राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्राप्त करने से ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल श्रमिकों की उपलब्धता बढ़ेगी। जिससे आवास निर्माण की गुणवत्ता एवं गति दोनों में सुधार होगा। यह न केवल योजनाओं को मजबूती देगा, बल्कि युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और सम्मानजनक आजीविका के अवसर भी प्रदान करेगा। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क ड्रेस, टूलकिट एवं भोजन प्रदान किया जा रहा है। यह पहल न केवल ग्रामीण युवाओं को कुशल और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि कुशल भारत सशक्त भारत की अवधारणा को साकार करने में भी मील का पत्थर साबित होगी।



### आरसेटी की भूमिका और उद्देश्य

बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और कौशल विकास को बढ़ावा देने निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। आरसेटी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण बेरोजगारों को कौशल विकास, उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता से जोड़कर उन्हें स्वालंबी बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म उत्पादकता, सशक्तिकरण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देते हैं। इसी क्रम में ग्राम पऊवारा दुर्ग में 35 हितग्राहियों, ग्राम करगाडीह दुर्ग में 35 हितग्राहियों, 30 दिवसीय रूरल मेसन राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।प्रशिक्षण निदेशक गुलशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संचालित है। प्रशिक्षण में पऊवारा में अमित कुमार कुंभकार तथा करगाडीह में सुश्री अनिता चारभे मास्टर ट्रेनर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

### कुछ जगहों के पेवर को उखाड़कर बनाया, नहीं पाटा गया गड्ढों को

# छठ तालाब का सौंदर्यीकरण के नाम पर खानापूर्ति, अव्यवस्थाओं के बीच होगी पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई में छठ पर्व 25 अक्टूबर से नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। इस मौके पर निगम प्रशासन द्वारा सभी तालाबों की साफ सफाई करने के साथ ही लाइटिंग की व्यवस्था की जाती है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी कुरुद नकटा तालाब में साफ सफाई और व्यवस्था के नाम पर खानापूर्ति की गई है।

इस तालाब में व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए ना तो एक भी दिन निगम के कमिश्नर राजीव पाण्डेय पहुंचे ना जिम्मेदार अधिकारियों ने सही से कोई काम किया। यहां के निवासी जयदीप मौर्य का कहना है कि तालाब के मेड़ में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं छठ माता की वेदी बनाती है और बहां पूजा अर्चना करती है। इस बार उन्हें घास और झाड़ियों के बीच बेदी बनाना पड़ा। निगम ने ऊपर ऊपर सफाई की और उसके बाद चल दिया। कुरुद निवासी विजय सिंह ने बताया कि तालाब के चारों तरफ काफी गंदगी थी। निगम ने किनारे की गंदगी को तो हटाया, लेकिन अभी भी तालाब पानी गंदगी से भरा है। तालाब के पानी में सीवरेज का पानी जा रहा है। मल-मूत्र का पानी तालाब में जाने से उसमें से बदबू आ रही है। पानी काफी संक्रमित हो चुका है। तालाब में पानी का भराव अधिक होने के बाद भी निगम ने गहराई में महिलाओं को जाने से रोकने के लिए कोई रस्सी भी नहीं लगाई है।

## नकटा तालाब में बड़ी संख्या में बनाई गई है वेदियां



### पेवर ब्लॉक सुधार में हुई खानापूर्ति

पिछले साल की छठ पूजा के दौरान निगम के परियोजना विभाग से तालाब के ऊपर कई लाख रुपए के बजट से पेवर और लाइट लगाने का कार्य किया गया था। यहां पहली बारिश में ही पेवर ब्लॉक दब गए और उसकी सतह ऊंची नीची हो गई है। इसे सुधारने के लिए भी केवल खानापूर्ति की जा रही है। ठेकेदार को चाहिए की वो दबे हुए पूरे भाग के बेस को बेहतर तरीके से बनाए और फिर दोबारा पेवर लगाए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है।



### जमीन को नहीं किया गया समतल

निगम कच्चे व खराब सड़कों में मुरुम डालने और तालाब की मेड़ को ठीक करने के लिए हर साल सैकड़ों हाइवा का बजट दिखाता है, लेकिन छठ पूजा के दौरान नकटा तालब में ऊबड़ खाबड़ जमीन में महिलाओं को पूजा करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बारिश में मुरुम रेत के हाइवा चलने से यहां बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं, इससे पटाखा जलाते समय या पूजा के दौरान इन गड्ढों में पैर पड़ने से बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है। निगम के अधिकारी यहां मुरुम डालकर गड्ढा पाटने की जगह उसे ऐसा ही छोड़ दे रहे हैं।

### निगम आयुक्त ने नहीं दिया कोई जवाब

इस बारे में जब निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को फोन किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। वाट्सअप में मैसेज करने के बाद भी उसका कोई रिप्लाई नहीं किया।

### सुधार के लिए दिए गए निर्देश

तालाब में जमीन के समतली करण और पेवर को ठीक करने के साथ ही सही तरीके से सफाई के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है। उनके द्वारा क्या काम किया गया है उसका निरीक्षण किया जाएगा और उसे सुधारा जाएगा।
**-येशा लहरे,** आयुक्त, जोन 2, नगर पालिक निगम भिलाई।

# अखाड़ा के माध्यम से अपने शौर्य का करते हैं प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत अंजोरा , पीसेगांव, चिंगरी में मातर महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। रात में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंजोरा में कंचन जोशी, पीसेगांव में लोक अनुहार चिंगरी में लोकतिहार ने अनुपम प्रस्तुति प्रदान दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। मां लक्ष्मी, भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। इस दिन सुबह के समय यादव समाज के लोग नाचते एवं जोश भरे अंदाज में उमंग के साथ उछल उछल कर प्रेरक दोहा लगाते हुए मातर ठौर पहुंचते है, जहां पर खोड़हर गड़ाकर इसकी पूजा की जाती है। साथ ही गौधन को सोहई बांधकर खोड़हर के चारों ओर घुमाया जाता है इसे छत्तीसगढ़ी में दांड़ खेलना कहते है। इस दौरान यादव समाज के लोग अखाड़ा कला के माध्यम से अपने शौर्य का प्रदर्शन भी करते हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि दीप उत्सव के कार्यक्रम दौरान मां लक्ष्मी मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। पश्चात शोभायात्रा निकला कर विसर्जन किया जा रहा है। इस अवसर पर सरपंच संतोष सारथी, जस सम्राट पुरण साहू, पूर्व सरपंच दिनेश देशमुख, यादव समाज प्रमुख जयप्रकाश यादव, कार्यक्रम संयोजक धनेश देशमुख, पप्पू निषाद, संतोष निषाद, आशु निषाद, योगेश देशमुख, मिथलेश निषाद, लोकेश साहू, गुमान साहू, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, सरपंच द्रोपती देशमुख, उपसरपंच कमल देशमुख, पंच युवराज देशमुख, जितेन्द्र देशमुख, उमा देशमुख, धनीराम बांधे, सुषमा बांधे, युवा मंडल अध्यक्ष खिलेश बेलचंदन, सदस्य हिमांशु, वासु, दुष्यंत सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

- माता लक्ष्मी की प्रतिमा का किया गया विसर्जन

# समोदा में डायरिया के तीन नए केस मिले, अब तक 66 मिल चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- पहले से भर्ती 10 मरीज हुए डिस्चार्ज, 1 अब भी इलाज

समोदा में डायरिया के 3 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही 4 अक्टूबर से लेकर अब तक मरीजों की संख्या बढ़कर 66 हो गई है। 1 मरीज अब भी अस्पताल में भर्ती है। वहीं 10 मरीजों को शनिवार को डिस्चार्ज किया गया। शनिवार को भी कैम्प लगाकर ग्रामीणों की जांच की गई। बता दें कि पिछले 4 अक्टूबर से लगातार मरीज मिल रही है। तीनों लोगों की संदिग्ध मौत भी हो चुकी है। बावजूद इसके गांव में उल्टी-दस्त का प्रकोप नहीं थमा है। पीएचई ने 15 जगहों पर पानी की जांच की। सैंपल लेकर बैक्टीरिया के परीक्षण के लिए रायपुर भेजे गए। 26 अक्टूबर को इसकी रिपोर्ट आनी है। शनिवार को भी डॉ. सीबीएस बंजारे जिला सर्वेलेंस अधिकारी के निर्देश पर हेल्थ विभाग की टीम ने जांच की। इधर बोर से पानी के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। पीएचई की टीम शनिवार को इन बोर का क्लोरीनेशन किया। इसके बाद इसका उपयोग शुरू कराया गया। पीएचई अधिकारी प्रकाश ठाकुर ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। कुछ लोगों ने पाइपलाइन में छेद कर दिया था। ये लाइन नालियों के आसपास से होकर गुजर रही हैं। संभवतः इस वजह से ही परेशानी बढ़ी। बहरहाल जांच की जा रही है। समस्या का निराकरण किया जा रहा है। वैकल्पिक इंतजाम के तौर पर टैंकरों से प्रभावित क्षेत्रों में पानी पहुंचाया जा रहा है। ताकि पेयजल को लेकर दिक्कत न हो।



### प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों का मार्गदर्शन करने का आश्वासन

**दुर्ग।** एलुमिनी भूगर्भशास्त्र विभाग के हर आयोजन में आर्थिक एवं भौतिक रूप से सहयोग करेंगे। यह निर्णय भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित भूतपूर्व छात्र-छात्राओं के सम्मेलन में लिया गया। भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख ने बताया कि शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग में आयोजित एलुमिनी मीट में 1993 में प्रवेश लिये विद्यार्थियों से लेकर 2024 की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी भी शामिल हुये। भूतपूर्व विद्यार्थियों ने हाल ही में भूगर्भशास्त्र विभाग से 5 विद्यार्थियों के छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित माइनिंग इंस्पेक्टर की परीक्षा में चयनित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विभाग के लिये महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भूतपूर्व छात्र आगामी आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु वर्तमान विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने में हर संभव सहायता करेंगे।

# आईजी गर्ग का शोध लेख राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में हुआ प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- यह विभाग के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि

दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग का शोध लेख यूज ऑफ टेक्नोलॉजी इन पुलिसिंग इन्वेस्टिगेशन ऑफ बैंक डकैती केस प्रतिष्ठित सरदार वल्लभ भाई पटेल नेशनल पुलिस एकेडमी जनरल में प्रकाशित हुआ है। यह पत्रिका देश की सर्वोच्च पुलिस प्रशिक्षण अकादमी हैदराबाद द्वारा प्रकाशित की जाती है।

जो पुलिसिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध और नवाचारों के लिए जानी जाती है। इस शोध लेख में गर्ग ने रायगढ़ शहर में हुई एक बड़ी बैंक डकैती की विवेचना के दौरान गेट पैटर्न एनालिसिस और सीसीटीवी फुटेज एनालिसिस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के प्रयोग को विस्तार से बताया है। यह पहली बार था जब छत्तीसगढ़ में अपराधियों की पहचान स्थापित करने के लिए गेट पैटर्न एनालिसिस तकनीक का उपयोग किया गया। इस तकनीक से आरोपियों की चाल के विश्लेषण को वैज्ञानिक प्रमाण के रूप में प्रयोग किया गया। जिससे अपराध की तह तक पहुंचने और अपराधियों की उपस्थिति सिद्ध करने में सफलता मिली। लेख में बताया गया है कि कैसे तत्कालीन डीआईजी रायगढ़ के रूप में गर्ग ने अपनी तकनीकी समझ का उपयोग करते हुए न केवल अपराध का 100 प्रतिशत खुलासा कराया, बल्कि बैंक डकैती में लूटे गए 5.62 करोड़ रुपए की बरामदगी मात्र 15 घंटे में कराई।

### तकनीकी क्षमता को नई ऊंचाई

श्री गर्ग ने बताया कि प्रकरण ने छत्तीसगढ़ पुलिस की पेशेवर दक्षता और तकनीकी क्षमता को नई ऊंचाई दी। शोध पत्र में गेट एनालिसिस की वैज्ञानिक अवधारणा, उसके सिद्धांत, सीमाएं, और अदालत में इसके प्रमाणिक महत्व का भी उल्लेख किया गया है। लेख में यह भी उल्लेख है कि इस प्रकरण के बाद गर्ग ने सीसीटीवी कैमरों के लोकेशन और विवरण के प्रबंधन के लिए त्रिनयन एप, चोरी हुए वाहनों की जानकारी के लिए सशक्त एप विकसित कराया। जिससे अपराध अन्वेषण सुगम हुआ है। यह उपलब्धि न केवल दुर्ग रेंज पुलिस बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए गर्व का विषय है।

## पेज 11 के शेष

### यह कार्यक्रम पूरे देश को ...

प्रेरणादायक कार्यक्रम है जो जन-जन को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करता है. यह कार्यक्रम पूरे देश को जोड़ रहा है उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं, महिलाओं और पर्यावरण पर दिए गए संदेशों की विशेष चर्चा की. कार्यक्रम के पश्चात वार्ड 16 में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

### स्वच्छता अभियान के ...

नगर पंचायत के आला अधिकारियों द्वारा सड़क किनारे कचरे को डंप कर रखे है। जिसमें चल कर स्कूली बच्चे आना जाना करते है। वही बारिश होने पर बदबू ज्यादा फैलने से आस पास के रहवासी परेशान नजर आते है। साथ ही बदबू के कारण गंभीर बीमारी का खतरा बना रहता है। नगर पंचायत की लापरवाही सामने आ रहे है। जिस कचरे को समय पर उठाव करना चाहिए उसे नियमित रूप से उठाव नहीं कराया जाता, जिससे लोग परेशान है।

### सेक्टर-9 हनुमान मंदिर में 501 किलो लड्डू का भोग

**भिलाई।** सेक्टर-9 के प्राचीन हनुमान मंदिर में शनिवार को भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। बोल बम सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य पूजा-अर्चना में 501 किलो लड्डू का भोग अर्पित किया गया। इस मौके पर मंदिर परिसर जय हनुमान के जयघोष से गूंज उठा।पूरे आयोजन में धार्मिक उल्लास और सामुदायिक एकता का सुंदर दृश्य देखने को मिला।

# एचआईवी एड्स के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व पर छात्रों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- रेड रिबन ने किया कार्यक्रम का आयोजन

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर रेड रिबन द्वारा एड्स जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम के अन्तर्गत एचआईवी एड्स रोगियों के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व पर व्याख्यान, एड्स जागरूकता पर फिल्म युवाओं की मनो-सामाजिक समस्याओं के लिए उपचारात्मक रणनीतियों पर व्याख्यान, प्रतिरक्षा बढ़ाने के लिए आहार पर व्याख्यान, नुक्कड़ नाटक, एचआईवी एड्स पर विशेषज्ञ का दृष्टिकोण, युवा रेड-क्रॉस स्वयं सेवक अंतरग्रहण का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि इस सप्ताह का उद्देश्य एचआईवी एड्स से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, एचआईवी से संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करना और सुरक्षित प्रथाओं को बढ़ावा देना है। नोडल अधिकारी प्रो. रेशमा लाकेश ने जागरूकता कार्यक्रम से छात्राओं को एड्स के लक्षण, एड्स कैसे फैलता है, एड्स से बचाव के लिए कौन-कौन से सावधानियाँ है, आईसीटी सेंटर तथा एआरटी सेंटर के बारे में बताने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों को एड्स संबंधी जानकारी प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नंबर 1097 के बारे में बताया गया।



# भारतीय ज्ञान परंपरा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 30 को

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के आईक्यूएसी एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ दुर्ग विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र के संयुक्त द्वारा 30 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ की भारतीय ज्ञान परंपरा : सृजन और संरक्षण की अंतर यात्रा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन रूसा 2.0 के अंतर्गत किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि उच्चशिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, विशिष्ट अतिथि महेन्द्र कपूर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री एबीआरएसएम, प्रोफेसर राजीव प्रकाश निदेशक, आईआईटी भिलाई एवं डॉ. संजय तिवारी, कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय तथा मुख्य वक्ता डॉ. सीडी आगासे प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, शशांक शर्मा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी रायपुर, रामनाथ कश्यप प्रांत संगठन मंत्री, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम एवं डॉ. राजेश पाण्डेय पूर्व क्षेत्रीय अपर संचालक दुर्ग संभाग होंगे। संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ की जनजातियों के पारंपारिक ज्ञान, प्रकृति से उनकी सहभागिता, उनकी पारंपरिक एवं जैविक खेती की विधियां, लोक पर्व एवं वाचिक परंपराएं, सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण, पारंपरिक शिल्प, लोक गीत तथा छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक संत परंपरा, पारंपरिक खेलों में ज्ञान परंपरा तथा जनजातियों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन पर विषय विशेषज्ञों द्वारा इन विषयों पर व्याख्यान दिए जाएंगे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# गौ सेवा नहीं, प्रशासनिक पाखंड! भूख-प्यास से मर रही गौमाता : महंत सुरेंद्र दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ 'गौ रक्षा जनजागरण यात्रा' के माध्यम से जागृति, जांच और जवाबदेही की मांग

जिले में भूख और प्यास से मरते गौवंश की घटनाओं पर धर्म स्तसिल के सभापति डॉ सौरव निर्वाणी और राम जानकी मंदिर नवागढ़ के महंत सुरेन्द्र दास ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि गौमाता के नाम पर चल रहे पाखंड की पराकाष्ठा है।

धर्म स्तंभ कौंसिल के सभापति डॉ सौरव निर्वाणी ने कहा कि गौ सेवा का वास्तविक अर्थ जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा,हर वर्ष करोड़ों रुपये गौशालाओं और योजनाओं के नाम पर खर्च होते हैं, परंतु न पानी है, न चारा, कलेक्टर बदलते हैं पर हालात नहीं,प्रशासन को यह तय करना होगा कि इन मौतों की जवाबदेही किसकी है।

किसान अपनी खेती को बचाने के लिए गुहार लगा लगा के थक गया,बीते कुछ वर्षों से बंदेलींन की समस्या ने जिले में भयावह रूप धारण कर लिया है। बेमेतरा जिले में आप कोई हाईवे कोई सड़क नहीं दिखा सकते जहाँ भारी तादाद में गौ वंश न दिखे इन रास्तों में कार मोटर साइकिल चलाकर सुरक्षित घर पहुंचना भगवान की कृपा ही बन गई है।

## बेमेतरा जिले में भूख-प्यास से मर रहे गौवंश पर धर्मस्तंभ काउंसिल ने जताया गहरा रोष

### गौ रक्षा जनजागरण यात्रा का होगा आरंभः महंत सुरेन्द्र दास

राम जानकी मंदिर के महंत सुरेन्द्र दास ने चेतावनी भरे लहजे में जहाँ "गौमाता की सेवा केवल धर्म का कार्य नहीं, बल्कि मानवीय कर्तव्य है,आज गौवंश कराह रहा है और अधिकारी मौन हैं ,यह मौन अपराध से भी बड़ा पाप है,अब यह विषय प्रशासनिक उदासीनता से आगे बढ़ चुका है, यह आस्था और अस्तित्व दोनों का प्रश्न बन चुका है।" उन्होंने कहा धर्म स्तंभ आने वाले दिनों में 'गौ रक्षा जनजागरण यात्रा' आरंभ करेगा, जिसके माध्यम से जिले में जागृति, जांच और जवाबदेही तीनों की मांग उठाई जाएगी।



### आपातकालीन गौ बचाओ मिशन चलाए जाने की मांग

समस्या के समाधान के लिए बैठकों की नहीं एक्शन की जरूरत है ,गांव के खुली चरागाह की जमीन पर कब्जा का खेल चल रहा है ,आख़िर क्यों इतनी सवेंदन हीनता है,कभी प्रशासन के अधिकारी बैठक में बुला समाधान पूछने की कोशिश तक नहीं करते, उन्होंने शासन से तत्काल 'आपातकालीन गौ बचाओ मिशन' चलाने,जिले में जल व चारा की स्थायी व्यवस्था करने और पिछले पाँच वर्षों के गौ सेवा फंड का सार्वजनिक ऑडिट कराने की माँग की।

## बैठक : खरीदी की अधिकतम सीमा: 21 क्विंटल प्रति एकड़

# धान उपार्जन की तैयारी पर हुई बैठक में कलेक्टर ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की तैयारी को लेकर कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में धान खरीदी की संपूर्ण प्रक्रिया, व्यवस्थाओं और आवश्यक प्रशिक्षण की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि इस वर्ष धान खरीदी 15 नवम्बर से 31 जनवरी 2026 तक की जाएगी। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी सहकारी समितियों में व्यवस्थाएँ समयपूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में साफ-सफाई, पानी, छाया, बैठने की व्यवस्था, तौल मशीन, बोरा उपलब्धता और परिवहन की पूर्व तैयारी के निर्देश दिए। धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाएगी कॉमन धानः 2369 प्रति क्विंटल ग्रेड ए धानः 2389 प्रति क्विंटल है खरीदी की अधिकतम सीमाः 21 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित किया गया है।

**पंजीयन की स्थिति का पुनः परीक्षण कराए जाने के निर्देशः** कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि किसानों के पंजीयन की स्थिति का पुनः परीक्षण किया जाए, ताकि कोई पात्र किसान वंचित न रहे। डेटा एंट्री ऑपरेटर्स को धान खरीदी पोर्टल पर समय पर एवं सटीक डाटा प्रविष्टि के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में पीसीएसएपी सॉफ्टवेयर, मानक स्टैकिंग प्रणाली, टोकन व्यवस्था, बायोमेट्रिक आधारित खरीदी प्रक्रिया एवं नॉमिनी निर्धारण जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि पारदर्शिता और सुचारू प्रक्रिया के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली को सख्ती से लागू किया जाए। किसानों को टोकन के माध्यम से खरीदी का दिन और समय सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे भीड़भाड़ की स्थिति न बने।

### धान खरीदी प्रदेश सरकार की प्राथमिकताः कलेक्टर

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान उपार्जन केंद्रों की भौतिक जांच एवं आवश्यक मरम्मत कार्य 5 नवम्बर तक पूर्ण कर लिए जाएं। परिवहन व्यवस्था, गोदाम क्षमता एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, सहकारी संस्थाओं के प्रबंधक, मार्कफेड अधिकारी, जिला को-ऑपरेटिव बैंक अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने अंत में कहा कि "धान खरीदी प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को समय पर भुगतान, पारदर्शी प्रक्रिया और सुविधा जनक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।

# स्पा सेंटरों की आड़ में चल रहा था देह व्यापार, 6 आरोपी गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र के स्पा सेंटरों में देह व्यापार का कारोबार बेखौफ तरीके से चल रहा था। जिस पर रोकने यहां की पुलिस पूरी तरह फेल हो रही है। पुलिस ने दबिश देकर स्पा के संचालक, मैनेजर समेत कस्टमरों को पकड़ा है। उनके पास से पुलिस ने कई संदिग्ध किस्म के सामान भी जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि स्मृति नगर जुनवानी में स्थित लोरेंजों और ली वेलनेस स्पा में पुलिस ने दबिश दिया। जहां से स्पा सेंटर के संचालक सुपेला निवासी धनेश्वर सेन ,भिलाई तीन मैनेजर पवन पांडे समेत कस्टमर सुपेला अब्बास अली, प्रगति नगर रचित दास, सुपेला संतोष कुमार,नेहरू नगर गौरव कोठारी को पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को मुखबिर ने सूचना देने पर स्मृतिनगर जुनवानी स्थित लोरेंजो स्पा, ली वेलनेस स्पा सेंटर में दबिश देने पहुंचे। जहां पुलिस को पता चला कि संचालकों द्वारा संगठित रूप से अवैध धन लाभ अर्जन के लिए स्पा में मसाज के नाम पर युवतियों से देह व्यापार करवाया जाता था। इस दौरान आईयूसीएडब्लू एएसपी पद्मश्री तंवर के निर्देश पर डीएसपी भारती मरकाम के नेतृत्व में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने ली वेलनेस स्पा के संचालक धनेश्वर सेन, लोरेंजो स्पा मैनेजर पवन पांडे की मौजूदगी में स्पा सेन्टर को चेक किया। जहां से स्पा में संगठित रूप से बाहर की महिलाओं को रखकर कस्टमरों को बुलाकर देह व्यापार का कारोबार किया जाता था। स्पा सेंटर से पुलिस ने आपत्तिजनक सामग्री,कण्डोम व कस्टमरो का रजिस्टर भी जब्त किया गया। कार्रवाई में डीएसपी भारती मरकाम समेत पुलिस कर्मियों का योगदान रहा है।

### अवैध कारोबार पर पुलिस का अंकुश नहीं

स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र में अर्से से अवैध कारोबार बेखौफ तरीके से चल रहा है। जिस पर अंकुश लगाने में पुलिस पूरी तरह फेल है। जब शिकायत लेकर पुलिस के पास फरियादी जाते है। सिर्फ खानापूर्ति ही किया जाता है। मगर समस्याओं का निदान तक नहीं किया जाता है। इसमें चोरी और ठगी के कई बडे मामले अब तक पेडिंग है। जिसे लेकर पुलिस आसपास के सीसी कैमरों तक को खंगालने नहीं जाती है। इस कारण चौकी क्षेत्र में चोरी के दर्जनों मामले अब भी पेडिंग पड़ा है। इस चौकी को संभालने के लिए सब इंस्पेक्टर गुरविंदर संधु को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## खबर संक्षेप



### अध्यक्ष ने लिया छठ पूजा की तैयारियों का जायजा

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने रविवार को महावीर तालाब में आयोजित होने वाली छठ पूजा की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब परिसर की सफाई, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान अध्यक्ष ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि छठ पर्व के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होना चाहिए। उन्होंने वार्ड 23 का दौरा कर पानी की समस्या का तत्काल निवारण किया। अध्यक्ष श्री डोंगरे ने कहा कि प्रत्येक वार्ड के नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

### सड़क पर किया मिट्टी डंप, बढ़ रहे हादसे

**डोंगरगढ़।** चौतूखपरी मार्ग के किनारे गैस पाइप लाइन विस्तार कार्य के दौरान निकलने वाली मिट्टी को मार्ग पर डंप करके रखा गया था। ग्रामीणों ने बताया कि चैतूखपरी मार्ग पर जमा मिट्टी के ढेर को ठेकेदार द्वारा अब तक नहीं हटाया गया है। पूर्व में एक्सीडेंट होने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है और अनेक घायल हो चुके हैं। धनतेरस के दिन भी एक्सीडेंट होने के बाद जब ग्रामीणों ने विरोध किया था। ग्रामीणों ने बताया कि अंधेरा होने के कारण मिट्टी का ढ़ेर नजर नहीं आता था और लोग दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है। धनतेरस की शाम को मोहारा से चैतूखपरी की ओर जा रहे सेवक साहू मिट्टी के ढेर से टकराकर गिर गए थे। उनकके सिर पर गंभीर चोट लगी। खून बहने से वह बेहोश हो गए थे। इसी दौरान मौके पर गुजर रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा के पति गौकरण वर्मा, सचिव नेहरू वर्मा की मदद से घायल सेवक की जान बचाई जा सकी।

### लोगों ने सुना मन की बात

**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 127 वे एपिसोड को वार्ड 17 के बुथ क्रमांक 148 में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित जैन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने श्रवण किया। कार्यक्रम में विजयसिंह भोला, अजय दुबे, रामकुमार, राजकुमार, सोनू नामदेव, मोनू नामदेव, परविंदर सिंह मोंटी सहित अन्य शामिल हुए।

### धूमधाम से मना मातर पर्व

**सड़क अतरिया।** ग्राम नवापारा में मातर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में खजरी घुमका के कलाकारों ने जोहर दोहा नृत्य प्रस्तुत किया। जिसके बाद गौठान में खूड़हर देव और गौ माता की पूजा अर्चना की गई। परंपरा अनुसार कदू को गौ माता के झुंड में फेंक कर पैरों से तुड़वाया गया जिसके बाद प्रसाद तैयार किया गया। दोपहर बाद झांकी और छत्तीसगढ़ के 12 मासी लोक त्योहारों, पाक भारत युद्ध पर झांकी, रासलीला, कालिया नाग दमन प्रस्तुत किया गया।

### पूनम विराट के मधुर लोक गीतों में झूमे दर्शक

**छुरिया।** ग्राम दुर्रेबंजारी में दिवाली- गोवर्धन पूजा के अवसर पर सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। इस दौरान डोमेंद्र पटेल, नैनसिंह पटेल, सरपंच बिसोबाई मंडावी मौजूद थी। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से समाज और राज्य की संस्कृति, परंपरा और कला प्रदर्शित होती है इसलिए इन कार्यक्रमों को लोग काफी पसंद करते हैं। कार्यक्रमों के माध्यम से लोकगीत, लोकनृत्य, नाटक, संगीत, और पारंपरिक परिधान को जीवित रखा जाता है। मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने लोक गायक पूनम विराट का साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर कुंदन बडोले, बलिहार पटेल, नीलकंठ मंडावी सहित आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी स्कूल के शिक्षकों को निकालना, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ः आशीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कांग्रेस ने शिक्षकों को सेवा से पृथक करने पर भाजपा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के द्वारा अवकाश दिवस रविवार के दिन शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बुलाकर जिस प्रकार से उन्हें सेवा से पृथक किए जाने या सेवा समाप्त किए जाने का नोटिस दिया गया है जिसमें जिला खनिज न्यास मद में पैसा ना होने से वेतन न दिए जा सकने का बहाना बनाया जा रहा है यह पूरी तरह जिला खनिज न्यास मद में बंदरबांट करने के लिए किया जा रहा है ये भाजपा सरकार और बेमेतरा में भाजपा के जनप्रतिनिधियों का शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण को दिखाता है।

कांग्रेस की भूपेश सरकार ने प्रदेश के गरीब और मध्यम वर्गी परिवारों के बच्चों के लिए जो उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की स्थापना की है उनके शिक्षकों को एक-एक करके इस तरह से पैसों का बहाना बनाकर सेवा समाप्त करना न केवल बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है साथ ही साथ शिक्षकों के भविष्य के साथ भी ना इंसाफी है बिना शिक्षकों के स्कूल आखिर चलेगा कैसे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण अंचलों के बच्चों को क्या उत्कृष्ट विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार नहीं है क्या उन बच्चों को यह अधिकार नहीं है कि वह भी प्राइवेट स्कूल के बच्चों की तरह अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा ले सकें लेकिन यह सब भाजपा के लोग बर्दाश्त नहीं कर सकते।

### शिक्षकों के भविष्य पर भी प्रश्न चिन्ह

शिक्षकों को निकाले जाने का यह कदम न केवल बच्चों के साथ बल्कि उन शिक्षकों के भविष्य पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है जिन्होंने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष इस स्कूल में बच्चों को शिक्षा देकर बिताया है।

आज उनके समक्ष जीवन संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष स्कूल में देने के बाद आज वे काम के लिए कहां जाएं उनके परिवारों का क्या होगा कई शिक्षक तो ऐसे भी है जिनके वेतन से ही उनके परिवार का भरण पोषण होता है किंतु आम आदमी की समस्या से भाजपाइयों को कोई लेना-देना नहीं है।

### कांग्रेस के राज्य सरकार पर गंभीर आरोप

जिस तरह से जिले के खनिज न्यास मद का दुरुपयोग भाजपा शासन में किया जा रहा है वह इससे पहले कभी नहीं हुआ खनिज न्यास मद का उपयोग जनहित के कार्यों में किया जाना था जिसमें मुख्य रूप से शिक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है किंतु राज्य की भाजपा सरकार नहीं चाहती कि राज्य के लोग अच्छी शिक्षा प्राप्त करें राज्य की भाजपा सरकार प्राइवेट स्कूलों को बढ़ाने के लिए शासकीय स्कूलों की बलि देने में लगी हुई है यही कारण है की भूपेश बघेल सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए उत्कृष्ट अंग्रेजी मध्य विद्यालयों को बंद करने और तबाह करने के लिए इस तरह से पैसों का हवाला देकर स्कूलों को शिक्षकों से वंचित किया जा रहा है बिना शिक्षकों के स्कूल कैसे चलाएगी सरकार यह भाजपाई ही बता पाएंगे ग्रामीण अंचलों में पूरी तरह से शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने पर तुली हुई है ।

### दो दिन पहले 20 रुपए किलो में बिकने वाली लौकी 70 में बिकी

भिलाई। छठ पूजा के कारण लौकी की डिमांड बढ़ गई। शनिवार को लौकी 70 किलो तक बिकी, सामान्य दिनों में यह औसतन 20 रुपए किलो में बिकती है, लेकिन छठ पर्व में नहाए खाए के दौरान लौकी-चावल खाकर उपवास की शुरुआत होती है, इस वजह से लौकी की डिमांड बढ़ गई। इसके अलावा पूजा में इस्तेमाल होने वाले फल और सब्जियों की मांग इन दिनों चरम पर है। इसी वजह से कीमतों में भी तेजी आई है। भिलाई में आकाशगंगा सब्जी मंडी, सुपेला लक्ष्मी मार्केट, कैम्प, पावर हाऊस सहित दुर्ग के प्रमुख बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ देखी गई। महिलाएं पूजा के लिए फल-सब्जियों की खरीददारी में जुटी रहीं। वर्तमान में सब्जियों और फलों में करीब 20-30 रुपए की वृद्धि हुई है। छठ पर्व में लौकी की मांग अधिक रहती है। इस वर्ष छठ के मौके पर आवक अधिक होने के कारण थोक बाजार में लौकी की कीमत 20 रुपए से भी कम हो गई है, लेकिन चिल्हर व्यापारी मौके का फायदा उठाते हुए 70 रुपए किलो लोगों से वसूल रहे हैं। बाजार में 30 रुपए किले बिकने वाला सिंघाड़ा 50 रुपए किलो, केला 40 रुपए से बढ़कर 60 से 70 रुपए दर्जन, 20 रुपए किलो बिकने वाली लौकी 60 रुपए किलो, शकरकंद 30 रुपए से बढ़कर 50 रुपए किलो और डाभ नींबू थोक में 40 रुपए प्रति नग तो वहीं चिल्हर में 50-60 रुपए पीस बिक रहा है। वहीं नारियल और गन्ने की कीमत में भी पहले के मुकाबले बढ़ोतरी देखी जा रही है।

# सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा अभियान का हुआ शुभारंभ

## 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेरला में सम्पूर सुरक्षा कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत किया गया। जिले के नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा 24 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक यह कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम में आरएचओ के द्वारा किये गये सर्वे सूची का सत्यापन घर-घर जाकर सुपरवाइजर, मितानिन समन्वयक आरएचओ एवं मितानिनों के सहयोग से किया जाना है।

जिला स्वास्थ्य एवं नोडल ने बताया कि यह सत्यापन का कार्य पूरे राज्य में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में घर-घर जाकर नेत्र रोग से पीड़ति सभी तरह के नेत्र सुरक्षा से संबंधित जानकारी ली जाएगी एवं हितग्राहियों के सूची तैयार किया जाएगा, उसके पश्चात मोतियाबिंद से पीड़ति व्यक्ति का उपचार के लिए जिला अस्पताल में भेजा जाएगा इसके साथ मोतियाबिंद के अलावा अन्य बीमारी से ग्रसित लोगों को सूचीबद्ध कर राज्य कार्यालय को भेजा जाएगा, जिससे हितग्राहियों को समुचित इलाज मिल सके, इस सर्वे से जो जन अस्पताल तक नहीं पहुँच पाते उन्हें भी इसका फायदा मिलेगा, आज के समय में नेत्र संबंधित अनेक प्रकार के बीमारियों से लोग ग्रसित है जैसे मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, डाइबिटिक, रेटिनोपैथी, दृष्टि दोष, मायोपिया, लो विजन, कंजेक्टिवाइटिस इत्यादि।

### उपचार के लिए दिया जाएगा उचित मार्गदर्शन

सभी बीमारियों का पहचान सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम तहत किया जाना है एवं साथ ही उपचार के लिए उचित मार्गदर्शन दिया जाएगा। सर्वे कार्यक्रम में नेत्र परीक्षण के लिए नेत्र सहायक अधिकारी, समस्त सेक्टर सुपरवाइजर, समस्त आरएचओ महिला/पुरूष एवं समस्त सीएचओ व मितानिन समन्वयक, अधिकारी /कर्मचारी बेरला ब्लॉक के फील्ड स्तर पर कार्य हेतु दिनांक 24 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक उपस्थित रहेंगे।ॉ

सीएमएचओ ने बेरला विकासखण्ड के सभी लोगों , हितग्राहियों से अपील किया है कि इस सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम का लाभ क्षेत्रवासी अवश्य लें।

## कांग्रेस ने की पोर्टल अनिवार्यता हटाने और पूर्व व्यवस्था बहाल करने की मांग+

# कांग्रेस ने एग्री स्टेट पोर्टल पंजीकरण को लेकर भाजपा सरकार पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त की जाए : पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान खरीदी के लिए किसानों का एग्री स्टेट पोर्टल पर पंजीकरण की अनिवार्यता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि विष्णु देव साय की भाजपा सरकार की नियत सही नहीं है प्रदेश के किसानों के धान खरीदना नहीं चाहती है यही कारण है कि किसानों को इस तरह परेशान किया जा रहा है। एग्री स्टेट पोर्टल किसानों के आधार कार्ड से लिंक होगा जबकि आधार कार्ड से संबंधित पोर्टल में आए दिन समस्या उत्पन्न होने के



कारण पंजीकरण के लिए अनिवार्य जिसके बिना एग्री स्टेट पोर्टल नहीं खुलता पंजीयन के समय प्राप्त होने वाले ओटीपी जो समय पर प्राप्त नहीं होता है की समस्या के कारण एग्रीटेक स्टेट पोर्टल पर किसानों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है साथ ही अन्य भी तकनीकी समस्याओं का सामना किसानों को करना पड़ रहा है ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल लोगों की समस्या बहुत बड़ी समस्या है मोबाइल सिगनल बराबर नहीं मिल रहा है ऐसे में किसान कैसे ऑनलाइन अपना पंजीयन कराएं अक्टूबर माह में अकेले बेमेतरा जिले में ही लगभग 30000 से अधिक किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया था सरकार द्वारा जो डेड लाइन निश्चित की गई है उसके अनुसार अगर किसी किसान का एग्री स्टेक पोर्टल पर पंजीयन नहीं होता है तो उसके धान की खरीदी नहीं की जाएगी यह कहीं ना कहीं प्रदेश के भाजपा सरकार के धान खरीदी से बचने का एक बहाना है।

धान खरीदी की कीमत में बढ़ोतरी न होना किसानों के साथ धोखाः कांग्रेस

वर्ष 2023 से अब तक प्रदेश में धान खरीदी की कीमत में बढ़ोतरी नहीं की गई है जो कहीं ना कहीं किसानों के साथ धोखा है भाजपा के लोग पूरे प्रदेश को लूटने में लगे हुए हैं वैसे भी भाजपा किसानों की हितैसी नहीं है भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है आज पूरे प्रदेश में भाजपाई प्रदेश को लूटने के कामों में व्यस्त है उन्हें किसानों से कोई लेना-देना नहीं है वैसे भी इस बार किसानों ने पानी की समस्या खाद की समस्या यूरिया की समस्या डीएपी की समस्या और सबसे महत्वपूर्ण बिजली की समस्या से लगातार सामना किया है किसानों के लागत मूल्य में बहुत अत्यधिक बढ़ोतरी हुई है और जिस तरह प्रदेश की सरकार पुरानी कीमत पर धान की खरीदी करने जा रही है वह कहीं ना कहीं किसानों के हित में कुठाराघात है जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने मांग की है कि प्रदेश में धान खरीदी के लिए एग्री स्टेट पोर्टल पर पंजीयन के अनिवार्यता को समाप्त किया जाए पूर्व में जिस तरह राज्य स्तर पर पंजीयन किया जाकर किसने की धान खरीदी की जा रही थी जिसमें किसान कभी परेशान नहीं हुआ वही व्यवस्था पूर्ववत लागू की जाए।

